भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 752
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत सती-भाटा हवाई पट्टी को शामिल करना

752. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि ओडिशा के बरगढ़ जिले के पदमपुर में स्थित सती-भाटा हवाई पट्टी में पश्चिमी ओडिशा में क्षेत्रीय हवाई संपर्क बेहतर बनाने और आर्थिक कार्यकलाप बढ़ाने की क्षमता है और यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का उक्त हवाई पट्टी को उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के अंतर्गत शामिल करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;
(ग) क्या किसी विमान कम्पनी या निजी संचालक ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रणाली के अंतर्गत सती-भाटा हवाई पट्टी से उड़ानें संचालित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे संचालक कौन हैं और अनुमोदन की स्थिति क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ) ओडिशा के बरगढ़ जिले के पदमपुर कस्बे में सतीभाटा हवाईपट्टी क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-'उड़ान') दस्तावेज़ में असेवित हवाईपट्टियों/हवाईअड्डों की संभावित सूची में उपलब्ध है।

'उड़ान' योजना के प्रावधानों के अनुसार, असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार/उन्नयन, वैध बोली के माध्यम से इनकी पहचान किए जाने और चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को अवार्ड किए जाने पर किया जाता है।

बोली प्रक्रिया के अब तक आयोजित पाँच चरणों के पूर्ण होने तक किसी भी एयरलाइन ने सतीभाटा हवाईपट्टी से आरसीएस उड़ानों को परिचालित करने का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। इसलिए, इस योजना के तहत इस हवाईपट्टी के पुनरुद्धार के लिए इसके नाम पर विचार नहीं किया गया है। हवाई सेवाओं की शुरुआत, हवाईअड्डे के तैयार होने के अध्यधीन होती है।

*****